पेज थ्री
देहरादून

देहरादून मंगलवार 16 जून 2020 पेज 8



आशा रोड़ी चेक पोस्ट पर प्रवासियों की थर्मल स्कीनिंग करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा विभाग पर फर्जीवाड़ा कर नौकरियां बांटने का आरोप

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी ने कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी, दून ने तीन पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश विद्यालय प्रबंधन श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज,सहसपुर को दिए थे, जिसके क्रम में इस वर्ष फरवरी माह को साक्षात्कार की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जीवाड़ा कर शिक्षा विभाग नौकरियां बांट रहा है।

### पविन्द्र चौधरी प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**संवाददाता** देहरादून। यूनाईटेड अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार ट्रस्ट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मधु यादव के निर्देश पर पविन्द्र चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। यहां जारी एक बयान में राष्ट्रीय महामंत्री नीलेश अवस्थी ने बताया कि ट्रस्ट के प्रति कर्मठता, निष्ठा लग्न व संगठनात्मक कार्यों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है और उम्मीद जताई है कि वह संगठन की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने में अपना योगदान देंगे।

### राजधानी में एक बार फिर से लॉकडाउन बढ़ाये जाने की जरूरतः सकलानी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य चिह्नित आंदोलनकारी समिति के जिला महामंत्री चिन्तन सकलानी ने कहा कि उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी में एक बार फिर से लॉकडाउन बढ़ाये जाने की जरूरत है इसके लिए सरकार को शीघ्र ही कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनलॉक को बंद कर लॉकडाउन को बढ़ाया जाये और इसका कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी में कोरोना वायरस कोविड 19 जैसी बीमारी में संक्रमितों की संख्या बढती जा रही है जिससे जनता को खतरा हो सकता है।

### क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर सहायक अभियंता से मिला प्रतिनिधिमण्डल

**संवाददाता** देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द देहरादून के पदाधिकारी क्षेत्र में लगातार पानी की कमी की समस्या को मध्य नजर रखते हुए जल संस्थान के सहायक अभियंता विनोद पांडेय से मिले जिसमें समिति के सचिव गजेंद्र भंडारी, प्रचार सचिव सोहन सिंह रौतेला, पुष्कर सिंह गुसांई व नितिन मिश्रा ने वार्ता की। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने बताया कि टयूबवैल में रिवर्स फेज की वजह से एक हफ्ते के अंदर तीन से चार बार कॉलोनी में पानी की सप्लाई नहीं की गई।

## उत्तराखण्ड तेजी से विकास के मार्ग पर बढ़ रहा हैः रक्षामंत्री

उत्तराखण्ड तेजी से विकास के मार्ग पर बढ़ रहा है। किसानों के कल्याण के लिए कदम उठाए हैं। कान्ट्रेक्ट फार्मिंग के एक्ट को बहुत उम्मीद से देखा जा रहा है। किसानों के लिए बीज पर सब्सिडी को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया है। गौरा देवी कन्याधन योजना भी प्रमुख कार्यक्रम है। पलायन को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। स्थानीय युवाओं और घर लौटे प्रवासियों के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना शुरू की गई है। प्रवासियों को वापस लाने में सराहनीय काम किया गया है। उत्तराखण्ड में इन्वेस्टर्स समिट का महत्वपूर्ण आयोजन किया गया। भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई गई। गैरसैण में ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाई गई है।

अटल आयुष्मान योजना में 40 लाख गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। काम बहुत सारे हुए हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केदारनाथ पुननिर्माण का काम हुआ है। मानसरोवर के लिए अब बीआरओ ने लिपुलेख तक एक लिंक रोड़ का निर्माण कर दिया है। धारचूला–लिपुलेख मार्ग बनने से मानसरोवर के लिए एक अन्य मार्ग हो गया है जिससे इस यात्रा में 6 दिन का समय कम लगेगा। केंद्रीय मंत्री ने वर्तमान सरकार के पिछले एक वर्ष में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि इन 6 वर्षों में देश ने काफी प्रगति की है। अंतर्राष्ट्रीय साख बढ़ी है। अर्थव्यवस्था को नौवें स्थान से 5 वें स्थान पर लाए हैं।

# लॉकडाउन से संक्रमण की दर को नियंत्रित किया गया

**वर्चुअल रैली**

हमने जनता से जो वायदे किये थे, उनमें से 85 प्रतिशत वायदे पूर्णः सीएम

कोविड केयर सेंटरों में 17 हजार बैड उपलब्ध

**संवाददाता**

देहरादून। वर्चुअल रैली "उत्तराखण्ड जन संवाद" को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड, देवभूमि और वीर भूमि है। परिश्रम और पराक्रम की धरती है। जब उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण हुआ था तो वे संयुक्त उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उत्तराखण्ड के प्रत्येक क्षेत्र में उन्हें जाने का अवसर मिला है। कोविड–19 के दृष्टिगत उत्तराखण्ड में किए गए काम के लिए मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को बधाई देते हुए कहा कि जितनी सराहना की जाए कम है। भराड़ीसैण में जो कोविड केयर सेंटर स्थापित हुआ है, उसकी सराहना केद्र से वहां गई टीम ने भी की है।

मुख्यमंत्री ने कहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष में केन्द्र सरकार ने बड़े ऐतिहासिक फैसले लिए। देश के रक्षा क्षेत्र को मजबूत किया। धारा 370 और 35 ए को खत्म कर नया इतिहास लिखा। राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया गया एवं कैबिनेट में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये।



मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सही समय पर लिए गए सही निर्णय से भारत में कोरोना वायरस से उतना नुकसान नहीं हुआ जैसी कि सम्भावना जताई जा रही थी। लॉकडाउन से संक्रमण की दर को नियंत्रित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार ने 03 साल से अधिक का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है। अपने घोषणा पत्र में हमने जनता से जो वायदे किये थे, उनमें से 85 प्रतिशत वायदे पूर्ण कर लिये हैं। हमने गैरसैंण को प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया है।

मुख्यमंत्री कहा कि कोविड–19 के दृष्टिगत लाखों प्रवासी राज्य में वापस लौटे हैं। उन प्रवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। कोविड से बचाव के लिए राज्य सरकार ने पूरी तैयारी की है। कोविड केयर सेंटरों में 17 हजार बैड उपलब्ध हैं। प्रत्येक जनपदों में आईसीयू की व्यवस्था की गई है। वेंटिलेटर भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। पिछले चार माह में प्रदेश में 400 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड से बचाव के लिए हमें सामाजिक दूरी, मास्क का उपयोग, एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमित व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए लोगों से मानवीय दृष्टिकोण रखने का आह्वाहन किया।

# उत्तराखण्ड में कोरोना संक्रमण के ग्राफ में तेजी

**कहर**

■ उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण के 17 नए मामले, 1836 हुई संक्रमितों की संख्या

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को प्रदेशभर में दो बजे तक कोरोना वायरस के 17 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें तीन नैनीताल, तीन पौड़ी गढ़वाल, तीन रुद्रप्रयाग, तीन टिहरी गढ़वाल, दो बागेश्वर, दो पिथौरागढ़ और एक मामला अल्मोड़ा में सामने आया है। इसके साथ ही 24 मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं। वहीं, अब 668 केस एक्टिव हैं, जिनका अलग–अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इसके साथ ही कोरोना संक्रमित नौ लोग राज्य से बाहर जा चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को मिली जांच रिपोर्ट में 1021 नेगेटिव आईं, जबकि 17 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। प्रदेश में अबतक 38643 की रिपोर्ट नेगेटिव आई है, जबकि कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 1836 तक पहुंच गया है। 1135 लोग पूरी तरह से ठीक हो गए हैं। वहीं, 24 लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार को 1229 सैंपल कोरोना जांच के लिए भेजे गए हैं। साथ ही 4686 की रिपोर्ट का इंतजार है। देहरादून में कोरोना के सबसे अधिक 475 मामले सामने आए हैं। इसके बाद नैनीताल में संक्रमितों का आंकड़ा 338 तक पहुंच गया है।

**क्वारंटाइन में दो और लोगों की मौतः** क्वारंटाइन में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्वारंटाइन दो और लोगों की रविवार को मौत हो गई। चमोली और हरिद्वार जिले में यह घटनाएं हुईं। इन्हें मिलाकर उत्तराखंड में अब तक 15 लोग क्वारंटाइन के दरम्यान मर चुके हैं। वहीं दून की आशा रोड़ी चेक पोस्ट पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाहरी राज्यों से आ रहे प्रवासियों की थर्मल स्कीनिंग की। साथ ही उनके नाम–पते भी दर्ज किए गए।

### पिथौरागढ़ जिले में मिले दो और कोरोना पॉजिटिव

पिथौरागढ़ में दो लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। वही एक संक्रमित की मौत भी हो गई है। एक संक्रमित मरीज मुंबई और दूसरा दिल्ली से लौटा था, जिसके बाद इन दोनों को संस्थागत क्वारंटाइन कर दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग दोनों की ट्रेवल हिस्ट्री जुटा रहा है। जिले में अब संक्रमितों का आंकड़ा 53 पहुंच गया है, जिनमें से 28 लोग स्वस्थ होकर घर लौट चुके है।

### कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर दिया धरना

**संवाददाता** देहरादून। सफाई कर्मचारियों, पर्यावरण मित्रों के वेतन में कटौती किये जाने के विरोध में महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। उनका कहना था कि वेतन में कटौती की गई तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। सोमवार को महानगर कांग्रेस कमेटी से जुड़े हुए कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इकटठा हुए और सफाई कर्मचारियों, पर्यावरण मित्रों के वेतन में कटौती किए जाने का विरोध करते हुए प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि नगर निगम द्वारा कोरोना महामारी के चलते नगर निगम के सफाई कर्मियों के एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी हुए है, जोकि न्याय संगत नहीं होता है तथा महानगर कांग्रेस इस फैसले का पुरजोर विरोध करती है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+






Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।